भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2067
दिनांक 30 जुलाई, 2026

असम में सार्वजनिक क्षेत्र के तेल उपक्रमों में रोजगार

†2067. **श्री फणी भूषण चौधरीः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम में इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) और ऑयल एण्ड नेचुरल गैस (ओएनजीसी) के अंतर्गत प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) और श्रेणी अथवा समूह अर्थात् कार्यकारी, गैर-कार्यकारी, समूह क, समूह ख, समूह ग या समकक्ष के लिए अलग-अलग कार्य कर रहे नियमित कर्मचारियों की संख्या कितनी है;

(ख) प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और कर्मचारी श्रेणी या समूह के लिए अलग-अलग कुल कर्मचारियों में से असम में कितने कर्मचारी रहते हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान असम में इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भर्ती किए गए कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या कितनी है;

(घ) असम में नियुक्तियों के लिए आईओसीएल, ओआईएल और ओएनजीसी द्वारा अपनाई जा रही वर्तमान भर्ती नीति क्या है और क्या स्थानीय उम्मीदवारों को वरीयता देने का कोई प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) असम में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम में वर्तमान में रिक्तियों की स्थिति क्या है और रिक्त पदों का ग्रेड-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) असम राज्य में वर्तमान में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईआईएल) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) के अंतर्गत कार्यरत नियमित कर्मचारियों की श्रेणी-वार और समूह-वार संख्या निम्नानुसार है:

सीपीएसईज का नाम	असम में कार्यरत कर्मचारी की संख्या	श्रेणी		समूह /ग्रेड			
		कार्यकारी	गैर-कार्यकारी	क	ख	ग	घ
आईओसीएल	2968	1351	1617	1351	390	1207	20
ओआईएल	6065	1590	4475	1536	54	4475	-
ओएनजीसी	3561	1518	2043	1352	166	1796	247
कुल	**12594**	**4459**	**8135**	**4239**	**610**	**7478**	**267**

(ख) असम राज्य में इन पीएसयूज में अधिवासित कर्मचारियों का श्रेणी-वार और समूह-वार विवरण निम्नानुसार है:

सीपीएसईज का नाम	असम में इन अधिवासित कर्मचारियों की संख्या	श्रेणी		समूह /ग्रेड			
		कार्यकारी	गैर-कार्यकारी	क	ख	ग	घ
आईओसीएल	2299	785	1514	785	389	1111	14
ओआईएल	5782	1281	4501	1224	57	4501	0
ओएनजीसी	3081	1053	2028	873	180	1785	243
कुल	**11162**	**3119**	**8043**	**2882**	**626**	**7397**	**257**

(ग) असम राज्य में पिछले पांच वर्षों के दौरान आईओसीएल, ओआईएल और ओएनजीसी द्वारा भर्ती किए गए कर्मचारियों की वर्ष-वार और श्रेणी-वार संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	असम में भर्तियों की संख्या	श्रेणी	
		कार्यकारी	गैर-कार्यकारी
2021-22	671	76	595
2022-23	1033	216	817
2023-24	367	192	175
2024-25	335	87	248
2025-26	510	94	416

(घ) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसईज) की मानव संसाधन नीतियां सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए विभिन्न निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार की जाती हैं। सरकार ने महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न सीपीएसईज के बोर्ड को एचआर नीति सहित वित्तीय और प्रचालन मामलों में बढ़ी हुई शक्तियां प्रदान की गई हैं। चूंकि आईओसीएल, ओआईएल और ओएनजीसी महारत्न सीपीएसईज हैं, इसलिए उनके बोर्ड, बोर्ड-स्तर से नीचे के कर्मचारियों के लिए अपनी-अपनी एचआर नीतियों को तैयार करने और लागू करने हेतु सक्षम हैं, जो सरकारी दिशानिर्देशों के अधीन हैं।

ये सीपीएसईज आरक्षण और भर्ती से संबंधित सभी सांविधिक प्रावधानों और सरकारी निर्देशों का अनुपालन करते हैं। असम से संबंधित उम्मीदवारों को खुली भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और निर्धारित पात्रता मानदंड, योग्यता और अन्य लागू शर्तों की पूर्ति के अधीन नियुक्ति के लिए विचार किया जाता है।

(ङ) आईओसीएल, ओआईएल और ओएनजीसी के संबंध में असम राज्य में वर्तमान रिक्ति की स्थिति निम्नानुसार है:

सीपीएसईज का नाम	असम में रिक्ति की संख्या	श्रेणी		समूह			
		कार्यकारी	गैर-कार्यकारी	क	ख	ग	घ
आईओसीएल	0	0	0	0	0	0	0
ओआईएल	401	84	317	83	1	317	0
ओएनजीसी	30	0	30	0	0	24	6
कुल	**431**	**84**	**347**	**83**	**1**	**341**	**6**

*****